प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 28.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आईआईएम रांची के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित, विद्यार्थियों को जिंदगी में खुश रहने के लिए वित्तीय प्रबंधन की प्राथमिकता पर दिया जोर।
2. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर रांची में आयोजित हेल्थकेयर समिट में हुए शामिल, झारखंड के शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के प्रति जताई प्रतिबद्धता।
3. राज्य के बयासी मॉडल विद्यालयों में नामांकन के लिए 19 जिलों के 60 केंद्रों पर हुई प्रवेश परीक्षा, सफल विद्यार्थियों का कक्षा छह में होगा नामांकन।
4. एक्सएलआरआई में ग्रामीण बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन, पूर्वी और उत्तर–पूर्वी भारत में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नोडल हब के रूप में कार्य करेगा सेंटर।
5. आईपीएल क्रिकेट का 19वां संस्करण अब से थोड़ी देर बाद बेंगलुरु में होगा शुरू, उद्घाटन मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सनराइजर्स हैदराबाद से होगा मुकाबला।

****

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन आज आईआईएम रांची के पंद्रहवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को जिंदगी में खुश रहने के लिए वित्तीय प्रबंधन को प्राथमिकता के आधार पर तय करने की बात कही।

दीक्षांत समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति ने मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया।

****

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य के स्वास्थ्य विभाग की ओर से रांची मे तीसरा झारखण्ड हेल्थकेयर समिट का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इस समिट मे आए विचार झारखण्ड मे स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में कारगर साबित होंगे।

****

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा संचालित 82 मॉडल विद्यालयों में नामांकन के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा राज्य के 19 जिलों के 60 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। यह परीक्षा कक्षा 6 में सत्र 2026–27 के नामांकन के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। 100 अंकों की बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित इस परीक्षा में अंग्रेजी, गणित और सामाजिक विज्ञान से प्रश्न पूछे गए।

****

जमशेदपुर स्थित एक्सएलआरआई–जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट परिसर में ग्रामीण बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन नाबार्ड के चेयरमैन डॉक्टर शाजी के. वी. ने किया। कार्यक्रम में एक्सएलआरआई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन सह टाटा स्टील के सीईओ तथा प्रबंध निदेशक टी. वी. नरेंद्रन उपस्थित रहे। नाबार्ड के चेयरमैन डॉ. शाजी के. वी ने कहा कि यह केंद्र पूर्वी और उत्तर–पूर्वी भारत में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक नोडल हब के रूप में कार्य करेगा।

****

राजधानी रांची के कोकर, बहुबाजार, सिरमटोली समेत आस पास के इलाकों में 30 और 31 मार्च को जलापूर्ति बाधित रहेगी। दोनों दिन सिरमटोली–मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण को लेकर पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। इस दौरान हटिया लाइन से भी जलापूर्ति बाधित रहेगी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत के निर्माण के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश कर रही है।

साउंड बाइट–पीएम ऑन इंफ्रा– 30 सेकेंड

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

****

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को हजारीबाग बंद की चेतावनी दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने आज रांची में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है तो राज्यव्यापी आंदोलन होगा।

****

रांची के ऑक्सीजन पार्क में अमर शहीद नीलांबर पीतांबर शाही भोक्ता का 168वां शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नीलाम्बर और पीताम्बर के संघर्ष और विचारों से प्रेरणा लेकर अधिकारों और न्याय के लिए सभी को आवाज उठानी चाहिए।

****

आईपीएल क्रिकेट का 19वां संस्करण अब से थोड़ी देर बाद बेंगलुरु में शुरू होगा। एक रिपोर्ट–

चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी एमएस धोनी पैर की चोट के कारण लीग के पहले दो सप्ताह के मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

****

आठवें हॉकी इंडिया अवाड्स में झारखंड की पहली महिला ओलंपियन निक्की प्रधान को सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान खेल निदेशक आसिफ एकराम, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे मौजूद रहे।

****

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर झारखंड वॉलीबॉल एसोसिएशन की ओर से रांची में अस्मिता महिला वॉलीबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक सी पी सिंह द्वारा कल रांची के मोराबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में किया जाएगा। दो दिवसीय इस लीग में विभिन्न जिलों की टीमें भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता का समापन 30 मार्च को होगा।

*******समाप्त********